RAF SECTOR
NEWS CLIP
21/10/18

CENTRAL RESERVE POLICE

26th Anniversary RAPID ACTION FORCE

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Punjab Kesari (Delhi)

राइफल से गोली चली, तीन सुरक्षाकर्मी घायल

खंडवा, (मप्र) (भाषा): चुनाव और त्यौहारों के मद्देनजर यहां अस्थायी तौर पर शिविर कर रही रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के एक सिपाही से शस्त्र पूजन के लिए राइफल की सफाई के दौरान चली गोली से आरएएफ के तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गये। इनमें से गंभीर रुप से घायल एक कर्मी को इलाज के लिए इन्दौर के अस्पताल में रेफर किया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक रुची वर्धन मिश्रा ने बताया कि आरएएफ की एक बटालियन यहां दादाजी भक्त निवास में ठहरी हुई है। दशहरे के मौके पर होने वाली शस्त्र पूजा के लिए आरएएफ का एक कर्मी अपनी राइफल साफ कर रहा था, तभी उससे चली एक गोली से तीन आरएएफ कर्मी घायल हो गये। उन्होंने बताया कि घायलों में आरएएफ का एक उपनिरीक्षक, एक हवलदार और एक सिपाही शामिल है।

● शस्त्र पूजन के लिए राइफल की सफाई कर रहा था सिपाही

उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद तीनों घायलों का खंडवा जिले में प्राथमिक उपचार कराया गया।

Star Samachar (Rewa,MP.)

तराई में रैपिड एक्शन फोर्स ने किया मार्चपास्ट

स्टार समाचार | रीवा

विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले के तराई में रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है। इस फोर्स अपनी आमद दर्ज कराने के हिसाब से बुधवार को तराई के कई गांवों में मार्च फास्ट भी किया। इस दौरान जनेह, जवा एवं त्योंथर थाना का पुलिस बल भी मौजूद था। उल्लेखनीय है कि तराई क्षेत्र चुनाव के मद्देनजर अति संवेदनशील क्षेत्रों में घोषित किया गया है। लिहाजा यहां पर स्पेशल पुलिस फोर्स की तैनाती केंद्र सरकार द्वारा की गई है। लिहाजा रैपिड एक्शन फोर्स की कई टुकड़ी दो दिन पूर्व ही त्योंथर और सिरमौर विधानसभा वाले क्षेत्रों में पहुंच चुकी है। फोर्स तैनात हो चुकी है इसकी

विधानसभा चुनाव को देखते हुए तैनात की गई बटालियन

जानकारी ग्रामीणों तक पहुंच जाए, इसके लिए बुधवार को मार्च फास्ट भी किया गया है। यह फोर्स विधानसभा क्षेत्र के अलग-अल गांवों में तैनात की जाएगी। फिलह यह फोर्स जनेह थाना अंतर्गत चंद , नौढिया , जनेह पटहट खटख ,चौखडा सोहरवा गढ़ी तथा मनि में फ़्लैग मार्च निकाला और ग्रामी और गणमान्य नागरिकों से मुलाक कर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुन कराने का भरोसा दिलाया।

Photos of Deployment/ Fam-ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।